

## एक नजर में

### जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** जिलाबदर आदेश का उल्लघंन करने वाले आरोपी को थाना तलैया पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया. आरोपी पिछले तीन महीने से अपनी पहचान छिपाकर इलाके में रह रहा था. पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी जिला बदर का आरोपी सेन्ट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड के पास घूम रहा है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान सोम कुचबंदिया (30) निवासी इतवारा थाना का बताया. आरोपी का जिलाबदर आदेश पुलिस ने देखा. आरोपी को भोपाल जिले एवं भोपाल की सीमा से लगे अन्य जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्कासन आदेश पारित किया था. यह आदेश 30.12.2025 से आगामी 3 माह के लिए प्रभावशील है.

### युवक ने किशोरी के साथ की अश्लील हरकत

**भोपाल.** पिपलानी थाना क्षेत्र में आरोपी युवक ने एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत कर दी. लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार किशोरी कक्षा 7वीं की छात्रा है. गुरुवार को दोपहर के जब वह अपने घर के सामने खेल रही थी. इस दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक दिनेश वहां पहुंचा और बच्ची को देखकर अश्लील हरकतें करने लगा. बच्ची के परिजनों ने आरोपी को देखा और उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया.

### गंगानगर मल्टी में लिफ्ट गिरी, कोई हताहत नहीं

**भोपाल.** कोटरा सुल्तानाबाद इलाके में शुक्रवार को गंगानगर मल्टी में एक बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के अनुसार गंगानगर मल्टी में लिफ्ट उस वक्त गिर गई, जब उसमें तीन बच्चे व एक महिला बैठे हुए थे. उन्होंने लिफ्ट चालू की तो वह तीसरी मंजिल पर पहुंचकर अटक गई, अनेक प्रयास करने के बाद भी लिफ्ट आगे नहीं बढ़ सकी. ऐसे में कुछ देर बाद लिफ्ट अचानक से पहली मंजिल पर आकर गिर गई, जिससे उनको जमकर झटका लगा. लिफ्ट गिरने की आवाज सुन रहवासी भी बाहर आ गए, जिन्होंने नगर निगम सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी.

# 25 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी नहीं हुए नियमित

## महापौर चुनाव में बना था मुद्दा, नियमित करने का किया था वादा

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमित करने के लिए लगातार मांग कर रहे हैं. इस तरह के लगभग 1,100 कर्मचारी हैं.**

यह सभी 1998 से दैनिक वेतन भोगी भर्ती करने का सिलसिला चालू हुआ. निगम से नियमिति कर्मचारी सेवानिवृत्त होते रहे हैं और जब कार्य प्रभावित हुआ तो दैनिक वैतन भोगी कर्मचारियों की भर्ती समय समय पर होती रही. शासन विगत कई वर्षों से नियमित कर्मचारी के लिए भर्ती ही नहीं की है. इस तरह से कई कर्मचारियों को 25 वर्ष भी हो चुके हैं. उसके बाद अभी तक नियमित तो नहीं किया गया, लेकिन विनियमित (स्थाई कर्मी ) कर दिया गया. वहीं इनमें से 11 कर्मचारियों को वर्ष 2018 में नियमित कर दिया गया, जिसमें लिपिक वर्गीय और उपयंत्री शामिल है. सभी लगभग 1998 के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी थे. नियमितिकरण को लेकर कुछ कर्मचारी न्यायालय भी गए हैं. इनमें से कुछ नियमित का इंतजार करते हुए सेवानिवृत हो गए, कुछ की सेवाकाल के दौरान अचानक मृत्यु हो गई.

दैनिक वेतन भोगी और नियमित कर्मचारियों से कार्य में कोई अंतर नहीं जो दोनों एक जैसा कार्य कर रहे हैं. लेकिन उनके वेतन में विसंगति है. दैनिक वेतन भोगी जो अब स्थाई कर्मचारी हैं, उनको फिक्स वेतन पीएफ कटने के बाद लगभग 18 हजार रुपए मिल रहा है. इनमें भी कुशल, अर्धकुशल और अकुशल कर्मचारियों की तरह वेतन दिया जा रहा है. जबकि उनके साथी नियमित कर्मचारियों को लगभग दो गुना मिल रहा है. इस वजह से कर्मचारियों में जनप्रतिनिधियों से नाराजगी बनी हुई.



नगर निगम के चुनाव के दौरान महापौर ने वादा किया था कि सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा. इसकी उन्होंने इस घोषणा का प्रेस नोट भी जारी किया था. अब वे अपने वादे से मुकर रही हैं, इसलिए तीन साल होने के बाद भी अपना वादा पूरा नहीं किया.
**अशोक वर्मा, कर्मचारी नेता, नगर निगम, भोपाल**



नियमितिकरण के लिए कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं. हम शासन को पत्र लिखेंगे. वहां से जो भी आदेश होंगे, उसका पालन नियमितिकरण की प्रकिया में किया जाएगा. मैं अपने कार्यकाल में सभी नियमितिकरण का कार्य करूंगी.
**मालती राय, महापौर, नगर निगम, भोपाल**



महापौर को अपने घोषण पत्र को पढ़ना चाहिए और जो वादे किए थे उनको पूरा करना चाहिए. लोगों ने इनको इनके घोषणा पत्र पर चुना था. किसी भी दल का हो, उसकी जिम्मेदारी बनती है कि उसे अपना घोषणा पत्र पूरा करना चाहिए.
**विभा पटेल, कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व महापौर, नगर निगम भोपाल**

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर नगर निगम सख्त

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शुक्रवार को समय सीमा की बैठक की, जिसमें निगम के कार्यों की समीक्षा की गई.**

इस दौरान अवैध निर्माणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन कर प्रत्येक शुक्रवार को प्रकरणों की सुनवाई करने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने कहा कि अवैध निर्माण की सुनवाई के दौरान संबंधित क्षेत्र के नगर निवेशक, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री अनिवार्य रूप से उपस्थित मौजूद रहे. वहीं राजस्व एवं संपत्तिकर विभाग की समीक्षा भी की. इस दौरान उन्होंने कहा कि संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, लीज रेंट सहित अन्य करों व शुल्कों की वसूली प्रभावी ढंग की जाए. शहर के साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य मार्गों, बाजारो,मार्गों, गलियों में बेहतर ढंग से साफ-सफाई की जाए.

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुकेश शर्मा, हर्षित तिवारी, उपायुक्त धीरेन्द्र सिंह कुशवाह, दिनेश सिंह, चंचलेश गिरहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

# फर्जी बिजली बिल के मैसेज से ठगी

- अज्ञात नंबर पर कॉल करने से बचें
- नहीं तो अकाउंट होगा खाली

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. राजधानी में इन दिनों बिजली बिल के नाम पर फर्जी मैसेज भेजकर लोगों को ठगने का नया तरीका सामने आया है. शहर के कई उपभोक्ताओं को ऐसे एसएमएस मिल रहे हैं, जिनमें बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर तुरंत भुगतान करने को कहा जा रहा है.**




मैसेज में एक मोबाइल नंबर भी दिया जाता है, जिस पर कॉल करने के लिए दबाव बनाया जाता है, जिससे लोग ठगी के जाल में फंस रहे हैं. मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कंपनी कभी भी एसएमएस या कॉल के जरिए व्यक्तिगत नंबर से भुगतान नहीं मांगती. बिल भुगतान केवल अधिकृत पोर्टल, स्मार्ट बिजली एप और काउंटर पर ही लिया जाता है. ऐसे अनजान शातिर लोगों के झांसे में नहीं आए और सावधानी बरतें. न ही के अलावा किसी अन्य मोबाइल एप को डाउनलोड करने की सलाह दी जाती है. फर्जी मैसेज में लिखा होता है कि आपका बिजली बिल अपडेट नहीं हुआ है और रात तक बिजली काट दी जाएगी. घबराए हुए उपभोक्ता दिए गए नंबर पर कॉल करते हैं. इसके बाद उनसे ऐप डाउनलोड करवाकर या लिंक के जरिए बैंक डिटेल मांगी जाती है और ठगी हो जाती है. अज्ञात नंबर पर कॉल न करें. किसी भी लिंक या ऐप को डाउनलोड न करें. बिजली कटने की सूचना मिले तो आधिकारिक हेल्पलाइन पर ही संपर्क करें.

# गद्दे की दुकान में लगी आग

**भोपाल. कटारा हिल्स इलाके में एक रजाई-गद्दे की दुकान में आग लगने से दहशत का माहौल बन गया. घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा जा सका.**

आग किन कारणों से लगी इसका पता लगाया जा रहा है. कटारा हिल्स के स्प्रिंग वैली के पास रजाई-गद्दे की दुकान है. गुरुवार-शुक्रवार को देर अचानक से गद्दे की दुकान के अंदर से आग की लपटें देखी गई. लोगों ने तुरंत ही फायर बिग्रेड की सूचना दी. टीम के पहुंचने से पहले आग भीषण हो गई और कई फीट ऊपर तक लपटें उठती रहीं.



इससे रहवासी क्षेत्र में दहशत बन गई. दुकान में आग लगने से कितनी बड़ी राशि का नुकसान हुआ है. फिलहाल यह भी स्थिति साफ नहीं हो पाई है. बताया जा रहा है कि गद्दे की ही दुकान के पास एक रेस्टोरेंट भी संचालित है. समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो इलाके में बड़ा हादसा हो सकता था.

# डिजिटल पढ़ाई को बढ़ावा देने के निर्देश

## उच्च शिक्षा विभाग ने कहा- शिक्षक तैयार करें ई कंटेंट

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में विभाग ने बड़ा कदम उठाया है. उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षकों से ई कंटेंट तैयार करने को कहा है.**

जिसका उद्देश्य दूरदराज के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री पहुंचाना है. विशेषज्ञों के अनुसार इस नई पहल के तहत विद्यार्थियों को अपने विषय के साथ अन्य संकायों के विषयों को भी




समझने का अवसर मिलेगा. साथ ही इससे बहुआयामी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और छात्रों की समझ का दायरा भी बढ़ेगा.

बता दें प्रदेश के 10 संभागों में डिजिटल स्टूडियो स्थापित किए गए हैं. जहां शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया ई कंटेंट रिकॉर्ड और विकसित किया जाएगा.

इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को भी शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधा मिल सकेगी. वहीं विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और अतिथि विद्वानों को इस पहल से जोड़ा गया है. वहीं इन शिक्षकों को निर्धारित प्रारूप में 26 मार्च तक अपनी जानकारी और कंटेंट उपलब्ध कराना होगा.

### चार्टर्ड अकाउंटेंट ने लगाया छेड़खानी का आरोप


**भोपाल.** मेट्रोमोनियल साइट पर शुरू हुई बातचीत के बाद अनबन होने पर एक चार्टर्ड अकाउंटेंट युवती ने युवक के खिलाफ छेड़खानी का मामला दर्ज कराया है. चूनाभट्टी थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर कोलकाता में रहने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक 29 वर्षीय युवती इलाके में रहती है. करीब एक साल पहले युवती ने अपनी शादी के लिए मेट्रोमोनियल साइट पर प्रोफाइल अपलोड की थी. उस दौरान कोलकाता में रहने वाले युवक से युवती का परिचय हुआ था. युवक ने खुद को कारोबारी बताते हुए शादी के प्रस्ताव पर बातचीत शुरू की थी.

# प्राइवेट गैस एजेंसी के 35 सिलेंडर जब्त

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. राजधानी में अतिरिक्त कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खाद्य प्रशासन ने अवैध सिलेंडर की सप्लाई को लेकर कार्रवाई की.**

यह कार्रवाई शहर के न्यू मार्केट, जहांगीराबाद व अन्य क्षेत्रों में होटल एवं रेस्टोरेंट पर की गई. इस दौरान 35 गैस सिलेंडर को जब्त किए गए. जिला खाद्य अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम ने गैस सिलेंडरों के स्टॉक की और एजेंसी में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की जानकारी ली गई. जांच दल ने घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने पर जहांगीराबाद स्थित जमील टी स्टाल के संचालक नवेद



अहमद से 1 सिलेंडर जब्त किया. इसी तरह शब्बन चौराहा पर खड़ी गैस पॉइंट का डिलीवरी वाहन में 30 नग व्यवसायिक गैस सिलेंडर पूरे भरे पाए गए. वाहन चालक जुबैर के द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण मौके से जुबैर से वाहन के साथ सभी सिलेंडर जब्त किए गए. वहीं मुस्कान इलेक्ट्रिकल जहांगीराबाद की दुकान से घरेलू गैस सिलेंडर से लोकल कंपनी गैस सिलेंडर में गैस का अंतरण करते पाए जाने के कारण संचालक साकिब उर्फ कासिम से 3 नग घरेलू, 1 नग व्यवसायिक एवं एक नग लोकल छोटा गैस सिलेंडर जब्त किया गया.



घरेलू गैस सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी आई है. वहीं अवैध सिलेंडरों की सप्लाई पर कार्रवाई की गई. निजी गैस कंपनी पर सिलेंडर जब्ती की कार्रवाई की गई है. कमर्शियल सिलेंडरों पर अभी वहीं नियम लागू हैं.
- **सुमित कुमार पांडे,** आईएएस, अतिरिक्त कलेक्टर, भोपाल

# राजस्व बढ़ाने अभियान चलाने के निर्देश

- विद्युत आपूर्ति और कार्यों की समीक्षा

**भोपाल/ निर्बाध गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाओं के साथ ही कंपनी के राजस्व में वृद्धि के लिए निरंतर अभियान चलाया जाए तथा मार्च 2025 की तुलना में इस वर्ष मार्च 2026 में राजस्व वसूली को बढ़ाने के बेहतर प्रयास सुनिश्चित किए जाएं.**

यह बात निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव नेवालियर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं विद्युतीय कार्यों की प्रगति को लेकर सभी महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधकों की समीक्षा बैठक में



कही. समीक्षा बैठक में मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र विनोद कटारे सहित सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

बैठक में निदेशक (वाणिज्य) श्रीवास्तव ने समाधान योजना 2025- 26 की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अंतिम तिथि 31 मार्च से पहले अधिक से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाया जाए. बैठक में उन्होंने अस्थायी कनेक्शनों पर बकाया राशि, विजिलेंस कार्यों की प्रगति, धारा 126 के प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति के साथ ही भारत नेट कनेक्शन के लंबित प्रकरण, स्कूल शिक्षा विभाग कनेक्शन के लंबित प्रकरण सहित अनेक मुद्दों पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### इल्लीगल गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** कोह-ए-फिजा थाना पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए ब्लैकमेलिंग करने वाले इल्लीगल गैंग में शामिल रहे सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान 'सन्नाता' के रूप में की गई है. सन्नाता गिरोह का सरगना आकाश उर्फ भूरा बोन खास था. आरोप है कि सन्नाता आपत्तिजनक वीडियो बनाता था और गिरोह में अन्य बदमाशों को शामिल कराने का काम वह सोशल मीडिया के माध्यम से करता था. फरियादी की शिकायत पर कुछ दिन पहले सामने आए मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया था.

# ननि की गलती से छात्रा एडमिशन से वंचित

## समग्र आईडी बनाने में बरती निगम कर्मियों की लापरवाही उजागर

- पीड़ितों ने निगमायुक्त से की शिकायत

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. नगर निगम भोपाल के समग्र आईडी विभाग के कर्मियों की गलती से एक पिछड़े वर्ग की छात्रा कॉलेज में दाखिला लेने से वंचित रह गई. यह गलती समग्र आईडी में नाम दर्ज करने के दौरान की गई.**

इसी तरह का एक गड़बड़ी एक अन्य व्यक्ति के साथ भी हुई, जिसकी शिकायत निगमायुक्त को की गई है.

जानकारी अनुसार नगर निगम के वार्ड 37 कोच फैक्ट्री क्षेत्र में स्थित द्वारका नगर कॉलोनी में की छात्रा मीनाक्षी कुशवाहा पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आती है, उनके पिता और परिवार का जाति प्रमाण पत्र और समग्र आईडी भी पिछड़े वर्ग के नाम से है.

मीनाक्षी को कॉलेज में आरक्षित सीट पर एडमिशन लेना था, लेकिन जब वह कॉलेज लेकर गई तो पता चला कि समग्र आईडी में परिवार के सभी सदस्यों का नाम पिछड़े और मीनाक्षी का सामान्य श्रेणी में दर्ज है, जिससे उसका आरक्षित सीट पर कॉलेज में दाखिला नहीं हो पाया. वहीं अब समग्र आईडी में सुधार के लिए जाति प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है. फिर भी उसमें सुधार नहीं किया गया. नगर निगम के कर्मचारियों या पोर्टल की गलती से छात्रा अपने अधिकार से वंचित हो गई.

### इधर, समग्र आईडी में नहीं हो रहा सुधार

नगर निगम के वार्ड 76 में एक परिवार का पूर्व से समग्र आईडी बना हुआ है. समग्र आईडी में पांच सदस्य का नाम अनुसूचित जाति श्रेणी में उल्लेख है. छठवें सदस्य का सामान्य जाति श्रेणी का उल्लेख कर दिया गया है. समग्र आईडी में त्रुटि सुधार कराने जाने पर जाति प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य बताया जा रहा है. परिवार के दादाजी व पिताजी का जाति प्रमाण पत्र को मान्य नहीं किया जा रहा है.

**अनदेखी** ▶ टाइल्स पर मोटी परत में जमी दिखी गंदगी

# जेपी अस्पताल में गंदगी के बीच 'शुद्ध जल' का दावा





**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 मार्च. राजधानी के जयप्रकाश जिला अस्पताल में जनहित व्यवस्थाओं की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं.**

गुरुवार दोपहर को अस्पताल परिसर में लगे पीने के पानी के स्थान पर गंदगी का अंबार देखने को मिला. विडंबना यह है कि नल के ठीक ऊपर लिखा है पीने का शुद्ध जल. जबकि नीचे की स्थिति इसके बिल्कुल उलट दिखी.

पानी के नलों के आसपास की टाइल्स पर मोटी परत में जमी गंदगी, फर्श पर जमा गंदा पानी और कोनों में रखे मैले डिस्पोजल अस्पताल में साफ-सफाई के दावों को झूठा साबित करते नजर आ रहे हैं. कुछ स्थानों पर तो पानी के रिसाव और कचरे के कारण बदबू भी महसूस हो रही थी. ऐसे माहौल में मरीजों और उनके परिजनों को मजबूरी में इसी स्थान से पानी लेना पड़ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकता है.

### इनका कहना है

मैं सीएस से बात करता हूं. जल्द से जल्द सफाई करवाकर पीने की पानी की व्यवस्था ठीक की जाये.
**-डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ**



### जम्मू से आए छात्रों के दल ने महापौर से की सौजन्य भेंट

**भोपाल.** राजधानी में शुक्रवार को जम्मू से आए छात्रों के दल ने महापौर मालती राय से मुलाकात की. भारत दर्शन टूर के तहत 5 दिवसीय भोपाल प्रवास पर आए 20 विद्यार्थियों ने महापौर राय से राजधानी के विकास एवं जनसुविधा के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की.